दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर रानी कमलापति–दानापुर–रानी कमलापति के मध्य तीन–तीन ट्रिप स्पेशल ट्रेन

जबलपुर 27 सितम्बर। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल ने दीपावली एवं छठ त्यौहार के पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए रानी कमलापति–दानापुर–रानी कमलापति के मध्य तीन–तीन ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के रानी कमलापति से प्रस्थान कर होशंगाबाद, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन की पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों की विस्तृत जानकारी निम्न है।

गाड़ी संख्या 01663/01664 रानी कमलापति–दानापुर–रानी कमलापति दीवाली एवं छठ स्पेशल ट्रेन :– गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति से दानापुर स्पेशल ट्रेन दिनांक 21.10.2022, 26.10.2022 एवं 31.10.2022 को रानी कमलापति स्टेशन से 14:20 बजे प्रस्थान कर होशंगाबाद 15:20 बजे, इटारसी 15:50 बजे, पिपरिया 17:10 बजे, नरसिंहपुर 18:33 बजे, जबलपुर 19:35 बजे, सिहोरा रोड 20:23 बजे, कटनी 21:00 बजे, मैहर 21:48 बजे, सतना 22:35 बजे अगले दिन प्रयागराज छिवकी 01:55 बजे और 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01664 दानापुर से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन दिनांक 22.10.2022, 27.10.2022 एवं 01.11.2022 को दानापुर स्टेशन से 12:45 बजे प्रस्थान कर,अगले दिन सतना 00:55 बजे, मैहर 01:28 बजे, कटनी 02:30 बजे, सिहोरा रोड 03:13 बजे, जबलपुर 03:50 बजे, नरसिंहपुर 05:00 बजे, पिपरिया 06:10 बजे, इटारसी 07:10 बजे, होशंगाबाद 07:53 बजे,और 09.50 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी।

कोच कम्पोजीशन :– इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 10 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी, 01 एसएलआरडी एवं 01 जनरेटर कारसहित कुल 19 कोच रहेंगे।

रेलगाड़ी के हाल्ट :– रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में होशंगाबाद, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि यात्रा के दौरान कोविड–19 से सम्बंधित भारत सरकार द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का पालन करें।

संख्याः पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/421/2022 दिनांक 27.09.2022

सम्माननीय संपादक

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग करें.

'सधन्यवाद

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर